सीबी/आरपी/3/2015

## कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड वेतनमान- I व मध्यम प्रबंधन ग्रेड वेतनमान- II में विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती

केनरा बैंक एक अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र बैंक है, जिसका प्रधान कार्यालय बेंगलूर में है और जिसकी पूरे भारत में 5700 से अधिक शाखाएं हैं, पात्र उम्मीदवारों से निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है;

"कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणीवेतनमानI(जेएमजीएस-I) [पदोंकीसं.36] तथा मध्यम प्रबंधन श्रेणी वेतनमानII (एमएमजीएस-II) [पदोंकीसं.38] में विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती"

पात्र उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट *www.canarabank.com* में उपलब्ध लिंक के जरिये ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन का कोई अन्य साधन / तरीका स्वीकार्य नहीं होगा। कृपया इस विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें तथा शुल्क भुगतान करने / ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व अपनी पात्रता सुनिश्चित करें।

| महत्वपूर्ण तिथियां | |
|---|---|
| क्या करें | तिथियाँ |
| आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार का भुगतान | 22.12.2015 से 12.01.2016 तक (दोनों दिन सहित) |
| वेबसाईट में ऑनलाइन पंजीकरण की आरंभिक व अंतिम तिथि | |

*कृपया नोट करें:*

*क. इस परियोजना के तहत एक उम्मीदवार केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकता है;*
*ख. आवेदन पंजीकरण प्रक्रिया, बैंक में शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से अंतिम तिथि या उसके पूर्व कराए जाने पर ही पूरी होगी;*
*ग. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन देने से पूर्व सुनिश्चित करें कि वे पात्रता तिथि को पद की पात्रता संबंधी मानदंडों को पूरा करते हैं।*
घ. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि इस संबंध में अन्य विवरणों व अद्यतन स्थिति की जानकारी हेतु बैंक की वेबसाईट www.canarabank.com देखें।

## 1. पदों के विवरण व आरक्षण:

| *पद कोड* | *पद* | *वेतनमान* | *यथा 01.11.2015 (सहित) को आयु (वर्ष) न्यूनतम –अधिकतम* | *कुल पदों की संख्या* |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तकनीकी क्षेत्र अधिकारी - इलेक्ट्रिकल | जेएमजीएस-I | 21 - 30* | 14 |
| 2 | तकनीकी क्षेत्र अधिकारी - सिविल | जेएमजीएस-I | 21 - 30* | 10 |
| 3 | तकनीकी क्षेत्र अधिकारी - मेकेनिकल | जेएमजीएस-I | 21 - 30* | 06 |
| 4 | नेटवर्क प्रशासक | जेएमजीएस-I | 21 - 30* | 06 |
| 5 | सिस्टम प्रशासक | एमएमजीएस-II | 21 - 35* | 17 |
| 6 | डाटाबेस प्रशासक | एमएमजीएस-II | 21 - 35* | 19 |
| 7 | अर्थशास्त्री (इकनॉमिस्ट) | एमएमजीएस-II | 21 - 35* | 02 |
| | *कुल* | | | 74 |

** आयु की ऊपरी सीमा में छूट हेतु बिंदु संख्या 5 का संदर्भ लें*

वेतन मान - वार आरक्षण निम्नवत है;

| वेतनमान | पद कोड | पदों की संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | अना. | कुल | जिसमें से विक. | | |
| | | | | | | | श्र.वि. | अ. वि. | दृ.वि. |
| जेएमजीएस-I | 1,2,3 व 4 | 5 | 4 | 9 | 18 | 36 | 0 | 1 | 0 |
| एमएमजीएस-II | 5, 6 व 7 | 4 | 4 | 10 | 20 | 38 | 0 | 1 | 0 |

## नोट:

i) आरक्षण वेतन मान वार होगा। पदों की संख्या तथा प्रदत्त आरक्षण अनंतिम है तथा योग्य उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर, बैंक की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप इसमें परिवर्तन हो सकता है।

ii) कुल पदों का 3% नि:शक्त उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं।

iii) नि:शक्त उम्मीदवारों हेतु आरक्षण समस्तरीय आधार पर होगा, चयनित उम्मीदवारों को उस उचित वर्ग में रखा जाएगा जिस वर्ग के उम्मीदवार है।

iv) उपरोक्त आरक्षण में पूर्व रिक्तियां / बैकलॉग आरक्षण शामिल है।

v) चयनित उम्मीदवारों को बैंक की आवश्यकता के अनुसार भारत के किसी भी स्थान पर पदस्थापित किया जाएगा।

संक्षिप्ताक्षर :

टीडब्ल्यूएस स्कोर- कुल भारित मानक स्कोर; स च- समूह चर्चा; जे.एम.जी.एस. – I -कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान- I, एम.एम.जीएस - II - मध्यम प्रबंधन ग्रेड वेतनमान - II, अ.जा. - अनुसूचित जाति ; अ.ज.जा.- अनुसूचित जनजाति; अ.पि.व. - अन्य पिछड़ा वर्ग ; अना-अनारक्षित; विक.- विकलांग; दृ.वि. - दृष्टि विकलांग; श्र.वि. - श्रव्य विकलांग; अ.वि. ; अस्थि विकलांग; त.क्षे.अ.- तकनीकी क्षेत्र अधिकारी, बीएफएसआई- बैंकिंग वित्तीय सेवाएं व बीमा।

## 2. पात्रता मानदंड तथा अन्य विवरण:

| कोड | पद | वेतनमान | योग्यता | जॉब प्रोफाइल | योग्यता उपरांत कार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | त.क्षे.अ. (इले) | I | न्यूनतम 60% या समकक्ष ग्रेड के साथ इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग या इलेक्ट्रीकल व इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में चार वर्षिय बी.ई./बी.टेक. डिग्री | बैंक में भर्ती किए गए त.क्षे.अ. की सेवाएं आवश्यकता अनुसार आईएडी / पीएडी / परिसरों / सामान्य प्रशासन विभाग / प्राइम कॉर्पोरेट शाखाओं इत्यादि में ली जा रही है। अत: उनकी पदस्थापना के स्थान के आधार पर विस्तृत जॉब प्रोफाइल निम्नवत होगी :<br>➢ बैंक के स्वामित्व की संपत्तियों का निर्माण, जांच व आवधिक रखरखाव, अचल परिसंपत्तियों का अधिग्रहण, पट्टागत संपत्तियों का अधिग्रहण तथा संबंधित क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्य व अभिग्रहण, लेआउट नक्शा की जाँच, तकनीकी विनिर्देश, आकलन, निविदा मूल्याँकन, कार्य का पर्यवेक्षण व प्रमाणीकरण।<br>➢ भवन की इलेक्ट्रिकल उपकरणों, यूपीएस, जेनरेटर की निगरानी व रखरखाव, भवन की उर्जा आवश्यकताओं का आकलन व समीक्षा, वेंडरों, सरकारी निकायों के साथ संपर्क आदि।<br>➢ इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं सहित अद्योगिक परियोजनाओं की तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन, सीडीआर के दायरे के तहत अद्योगिक इकाईयों के पुनर्जीवन / पुनरुत्थान पैकेज तैयार करना, औद्योगिक परियोजनाओं के कार्यान्वयन व नियमित परिचालन के दौरान ऋण मंजूरी उपरांत निगरानी, ऋण समूहन व आस्ति प्रतिभूतिकरण, औद्योगिक परियोजनाओं के संबंध में डाटा संग्रहण व भंडारण, शाखाओं व प्रशासनिक इकाईयों में ऋण मामलों का संचालन इत्यादि; तथा<br>➢ बैंक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कोई अन्य कार्य। | संबंधित क्षेत्र के अनुभवी उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 2 | त.क्षे.अ. (सिविल) | I | न्यूनतम 60% या समकक्ष ग्रेड के साथ सिविल या निर्माण तकनीकी व प्रबंधन में चार वर्षीय बी.ई/बीटेक डिग्री | | |
| 3 | त.क्षे.अ. (मेके) | I | न्यूनतम 60% या समकक्ष ग्रेड के साथ मेकेनिकल इंजिनियरिंग में चार वर्षीय बी.ई/बीटेक डिग्री | | |
| 4 | नेटवर्क प्रशासक | I | न्यूनतम 60% या समकक्ष ग्रेड के साथ नेटवर्क स्विचिंग व राउटिंग सर्टीफिकेशन में वैध सीसीएनपी / सीसीएनए सर्टीफिकेशन (सीसीएनपी युक्त उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी) सहित टेलीकम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रोनिक्स व कम्यूनिकेशन में चार वर्षीय बी.ई/बीटेक डिग्री | ➢ नेटवर्क व नेटवर्क उपकरणों का रखरखाव;<br>➢ नेटवर्क निगरानी व समस्या निवारण;<br>➢ नेटवर्क के साथ नेटवर्क उपकरणों को जोडना;<br>➢ टेलिकॉम सेवा प्रदाता के साथ संपर्क;<br>➢ नेटवर्क का अधिकतम समय अपटाइम सुनिश्चित करना<br>➢ एचपी ऑपन व्यू इत्यादि का कार्यसाधक ज्ञान तथा;<br>➢ बैंक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कोई अन्य कार्य। | संबंधित क्षेत्र के अनुभवी उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 5 | सिस्टम प्रशासक | II | कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रोनिक्स व कम्यूनिकेशन में न्यूनतम 60% या समकक्ष ग्रेड में चार वर्षिय बीई/बीटेक डीग्री या एमसीए तथा वैध ओ एस सर्टीफिकेशन जैसे रेड हैट सर्टीफाइड इंजीनियर (आरएचसीई), माइक्रोसॉफ्ट सर्टीफाइड सॉल्यूशन्स एसोसियेट (एमसीएसए) या समकक्ष | ➢ सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर का रखरखाव, निगरानी व प्रबंधन;<br>➢ पैच लगाना; दिए गए प्रोजेक्ट को पूरा करना;<br>➢ सीबीएस / नेटवर्क आदि का प्रोजेक्ट प्रबंधक होना; तथा<br>➢ बैंक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कोई अन्य कार्य। | संबंधित क्षेत्र में बीएफएसआई / सरकारी / ख्याति प्राप्त निजी संगठनों में न्यूनतम दो वर्षों का अनुभव |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | डाटा प्रशासक | II | कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रोनिक्स व कम्यूनिकेशन में न्यूनतम 60% या समकक्ष ग्रेड में चार वर्षीय बीई/बीटेक डीग्री या एमसीए तथा वैध डीबी सर्टीफिकेशन जैसे ऑरकिल सर्टीफाइड एसोसियेट(ओसीए) या समकक्ष | ➢ डाटाबेस, अधिमानत: ऑरकिल का प्रशासन;<br>➢ डाटाबेस का रखरखाव, रिपोर्ट का सृजन;<br>➢ डाटाबेस समस्याओं का दोष सुधार;<br>➢ समस्या निवारण, पर्जिंग, आर्कैविंग, बैकअप, डाटाबेस का पुनर्गठन;<br>➢ निष्पादन ट्यूनिंग;<br>➢ ऑरकिल पैरामीटर परिभाषित किया जाना तथा<br>➢ बैंक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कोई अन्य कार्य | संबंधित क्षेत्र में बीएफएसआई / सरकारी / ख्याति प्राप्त निजी संगठनों में न्यूनतम दो वर्षों का अनुभव |
| 7 | अर्थशास्त्री | II | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से<br>प्रथम श्रेणी / 60% या समकक्ष ग्रेड में इकोनोमेट्रिक्स/ स्टैटिस्टिक ऐच्छिक विषयों के साथ अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री<br><br>उच्चतर योग्यता जैसे एम फिल, पीएचडी इत्यादि युक्त उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। | ➢ राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर आर्थिक डाटा पर नजर रखना;<br>➢ बाजार, बैंकिंग क्षेत्र व विकास पर नजर रखना;<br>➢ ब्याज दर विचलन व दृष्टिकोण, विकास पर नजर रखना;<br>➢ विनियामकों व अन्य सांविधिक निकायों द्वारा नीति परिवर्तनों तथा उनके प्रभाव पर नजर रखना;<br>➢ आर्थिक व बैंकिंग संबंधी अध्ययन आयोजित करना;<br>➢ दीर्घकालिक योजना, बजट व कारोबारी आयोजना में सहायता;<br>➢ बैंक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कोई अन्य कार्य | संबंधित क्षेत्र में बीएफएसआई / सरकारी / ख्याति प्राप्त निजी संगठनों में न्यूनतम दो वर्षों का अनुभव |

<u>नोट:</u>
<u>वर्णित सभी शैक्षणिक योग्यताएं किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होने चाहिए तथा प्रत्येक पद के लिए निर्धारित पात्रता की गणना के लिए परीक्षा परिणाम 01.11.2015 को या उसके पूर्व प्रकाशित होना चाहिए।</u>
उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन में स्नातक में प्राप्त प्रतिशत को निकटवर्ती दो दशमलव में दर्शाएं। ऑनलाइन आवेदन में सीजीपीए / ओजीपीए दर्शाने के अतिरिक्त उन्हें प्रतिशत में परिवर्तित कर ऑनलाइन आवेदन में दर्शाएं। विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित समकक्ष श्रेणी सहित ग्रेड से प्रतिशत परिवर्तित करने के "परिवर्तन सूत्र" की प्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किया जाना है।

<u>कंप्यूटर साक्षरता:</u> कम्प्यूटर सिस्टम का ऑपरेटिंग व कार्यसाधक ज्ञान अनिवार्य योग्यता है, जो उम्मीदवार को होने चाहिए अथवा उसे बैंक में कार्यग्रहण के 6 माह के भीतर अर्जित करनी होगी।

<u>हिन्दी का ज्ञान :</u> उम्मीदवार के पास यदि हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान पहले से नहीं है तो उसे परिवीक्षा अवधि पूरी होने से पहले यह ज्ञान प्राप्त कर लेना होगा।

## 3. <u>वेतन व परिलब्धियाँ:</u>

| वेतनमान | वेतन व परिलब्धियाँ |
|---|---|
| जेएमजीएस-I | ₹.23700 - 980/7 - 30560 - 1145/2 - 32850 - 1310/7 - 42020<br>(संशोधित वेतनमान के अनुसार) |
| एमएमजीएस-II | ₹. 31705 -1145/1 - 32850 - 1310/10 - 45950<br>(संशोधित वेतनमान के अनुसार) |

मंहगाई भत्ता, एचआरए, सीसीए, चिकित्सा सुविधा, अस्पताल में चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, छुट्टी किराया रियायत आदि और अतिरिक्त सुविधाएं जैसे वाहन, क्वार्टर्स, फर्निचर आदि नियुक्ति के स्थान के आधार पर नियमानुसार उपलब्ध होंगी।

## 4. परिभाषाएं:

नि:शक्त व्यक्तियों हेतु आरक्षण :

नि:शक्तता अधिनियम 1995 (समान अवसर, हितों की रक्षा व पूर्ण सहभागिता) की धारा-33 के तहत नि:शक्त व्यक्तियों हेतु आरक्षण उपलब्ध है :

अस्थि विकलांगता[आ.वि] - अ.वि. व्यक्तियों के सभी मामले लोकोमोटर असमर्थता या मस्तिष्क पक्षाघात (सेरिब्रल पैल्सी) के तहत कवर किए जाते हैं।

लोकोमोटर असमर्थता का तात्पर्य अस्थियों, जोडों या मांसपेशियों की असमर्थता जिससे अंगुलियों की गतिशीलता में शिथिलता, या किसी अन्य प्रकार के मस्तिष्क पक्षाघात से है।
मस्तिष्क पक्षाघात का तात्पर्य किसी व्यक्ति की गैर-प्रगतिशील दशा है जो जन्म के पूर्व / जन्म के समय या शिशु अवस्था में विकास के समय मष्तिष्क में विकार या चोट से उत्पन्न होती है जिसमें मोटर नियंत्रण स्थिति असामान्य होती है।
केवल वैसे व्यक्ति ही सेवाओं / पदों में आरक्षण के पात्र होंगे जिनमें संबंधित असमर्थता 40% से कम नहीं हो।

भूतपूर्व - सैनिक [एक्सएसएम] :
सिर्फ उन्हीं उम्मीदवारों को भूतपूर्व सैनिक माना जायेगा जो समय-समय पर संशोधित भारत सरकार, गृह मंत्रालय, कार्मिक व प्रशासनिक सुधार अधिसूचना सं 36034/5/85/ईएसटीटी.(एससीटी) दिनांक 27.10.1986 में निर्धारित संशोधित परिभाषा को पूरा करता है।

नोट : 15.11.1986 से क्षेत्रीय थलसेना कार्मिकों को भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा।

## 5. राष्ट्रीयता/नागरिकता :

कोई भी उम्मीदवार (i) भारत का नागरिक हो या (ii) नेपाल की प्रजा हो या (iii) भूटान की प्रजा हो या (iv) तिब्बती शरणार्थी जो 01.01.1962 से पूर्व भारत में स्थाई रूप से बसने के इरादे से आया हो या (v) भारतीय मूल का कोई व्यक्ति जो कि पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों-केन्या, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तन्जानिया, जाम्बिया, मलावी, जाइरे, ईथियोपिया और वियतनाम से विस्थापित होकर, भारत में स्थाई रूप से बसने के इरादे से आया है बशर्ते कि उक्त (ii), (iii), (iv) या (v) के तहत, इन श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के संबंध में भारत सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण पत्र जारी किया हुआ हो। ऐसे किसी उम्मीदवार को, जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण-पत्र जरुरी है, बैंक द्वारा आयोजित समूह चर्चा /साक्षात्कार के लिए प्रवेश की अनुमति प्रदान की जा सकती है लेकिन अंतिम चयन होने पर उन्हें नियुक्ति-पत्र केवल तभी दिया जाएगा जब वे भारत सरकार द्वारा जारी आवश्यक पात्रता प्रमाण-पत्र को प्रस्तुत करते हैं।

## 6. ऊपरी आयु सीमा में छूट :

(i) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 5 वर्ष
(ii) अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 3 वर्ष
(iii) नि:शक्त व्यक्ति 10 वर्ष
(iv) ऐसे सभी व्यक्तियों को जो 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी रहे हैं - 5 वर्ष;
(v) 1984 के दंगों से पीडित व्यक्ति (उनके बच्चे / परिवार) - 5 वर्ष।

(vi) भूतपूर्व सैनिक : ईसीओ / एसएससीओ सहित कमीशंड अधिकारी जिन्होंने 5 वर्ष की सेना सेवा की है तथा एसाइनमेंट पूरा होने के बाद सेवामुक्त हुए हैं अन्यथा जो पद से हटाए गये हैं या दुराचार के कारण डिस्चार्ज हुए है अथवा असक्षमता या सेना सेवा के लिये उपयुक्त शारीरिक अयोग्यता अथवा अवैधता के कारण हटाया गया है **-5** वर्ष

नोट :

क. अजा/अजजा/अपिव को ऊपरी आयु में छूट संचयी आधार पर सिर्फ एक ही श्रेणी के लिये दी जायेगी जिसके लिये प्वांइट सं. 6 (iii ) से 6 (vi) तक में निर्दिष्ट अनुसार आयु छूट अनुमत है ।

ख. उक्त 6 (iv) के तहत आयु में छूट के पात्र व्यक्तियों को साक्षात्कार के समय कश्मीर डिवीजन के जिला मैजिस्ट्रेट से जिसके अधिकार क्षेत्र में वह साधारणत: निवास करता था या जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा पदनामित किसी अन्य प्राधिकारी से जारी यह अधिवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उम्मीदवार 01.01.80 से 31.12.89 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य का साधारणत: अधिवासी रहा है ।

ग. 6 (v) के तहत आयु छूट प्राप्त पात्र व्यक्ति को जिला मैजिस्ट्रेट से प्राप्त प्रमाणपत्र देना होगा कि वे 1984 के दंगों से प्रभावित व्यक्तियों के लिए पुन: स्थापना पैकेज के तहत छूट के लिए पात्र है, जो सरकार द्वारा अनुमोदित है और वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग के संप्रेषण सं. 9/21/2006-आईआर दिनांक 27.07.2007 द्वारा संप्रेषित की गई है ।

घ. ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो भूतपूर्व सैनिक के रूप में उससे लाभ लेते हुए यदि सिविल साइड में एक बार सरकारी नौकरी ज्वाइन कर चुके हैं, सरकार में पुन: रोजगार हेतु भूतपूर्व सैनिक का उनका दर्जा समाप्त हो जाता है ।

ङ. अधिकारी संवर्ग में भूतपूर्व सैनिकों के लिए कोई आरक्षण नहीं है।

## 7. आवेदन शुल्क व सूचना प्रभार (जो वापस नहीं होंगे ) :

| श्रेणी | शुल्क / सूचना प्रभार की राशि |
|---|---|
| अ.जा./अ.ज.जा./ पी.डब्ल्यू.डी. | ₹100/- [सिर्फ सूचना प्रभार] |
| अन्य सभी | ₹ 600/- [सूचना प्रभार सहित] |

### आवेदन शुल्क/सूचना प्रभारों के भुगतान की प्रक्रिया:

आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार अप्रतिदेय हैं । अत: इनके भुगतान से पूर्व पद के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें।

आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा :

### आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार का ऑनलाइन माध्यम से भुगतान

(i) उम्मीदवारों को सावधानीपूर्वक ऑनलाइन आवेदन में उचित स्थानों पर विवरण भरना चाहिए एवं ऑनलाइन आवेदन प्रारूप के समापन पर “**अंतिम प्रस्तुतिकरण**” बटन पर क्लिक करें । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि “**अंतिम प्रस्तुतिकरण**” बटन पर क्लिक करने से पूर्व आवेदन में भरी गई हर एक फील्ड का जाँच कर लें ।

(ii) उस मामले में जब, आवेदक एक बार में आवेदन प्रपत्र भरने में असफल रहता है तो वह पहले से प्रविष्ट डाटा को सेव कर सकता है । डाटा के सेव होने पर अनंतिम पंजीकरण संख्या व पासवर्ड प्रणाली द्वारा

उत्पन्न होगी व स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी । उम्मीदवार को अनंतिम पंजीकरण संख्या व पासवर्ड नोट करना चाहिए । अनंतिम पंजीकरण संख्या व पासवर्ड इंगित करते हुए ई-मेल व एसएमएस भी प्रेषित किया जाएगा । वे अनंतिम पंजीकरण संख्या व पासवर्ड का प्रयोग कर सेव किया हुआ डाटा खोल सकता है व उसमें विवरण को यदि आवश्यक हो तो संशोधित कर सकते हैं । यह सुविधा केवल तीन बार ही उपलब्ध होगी।

(iii) एक बार आवेदन पूर्णतया भरे जाने पर उम्मीदवार को डेटा सब्मिट करना चाहिए ।
(iv) आवेदन प्रपत्र भुगतान गेटवे के साथ एकीकृत है एवं भुगतान प्रक्रिया को निम्न अनुदेशों का पालन करते हुए पूरा किया जा सकता है ।
(v) भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व इंटरनेट बैंकिंग द्वारा स्क्रीन पर मांगी गयी सूचना देकर किया जा सकता है ।
(vi) अंतिम रूप से सब्मिट करने के पश्चात आवेदन प्रपत्र का एक अतिरिक्त पृष्ठ प्रदर्शित होगा जिसमें उम्मीदवार अनुदेशों का पालन करते हुए व वांछित विवरण भर सकता है ।
(vii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि यदि ऑनलाइन संव्यवहार पूरा नहीं हुआ है तो अनंतिम पंजीकरण संख्या व पासवर्ड के साथ पुन: लॉगिन करें एवं आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार का ऑनलाइन भुगतान करें।
(viii) संव्यवहार के सफलतापूर्वक पूरा होने पर ई-रसीद उत्पन्न होगी ।
(ix) उम्मीदवारों को ई-रसीद व ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का प्रिंट आउट लेने की आवश्यकता है । कृपया यह नोट करें कि यदि ई-रसीद उत्पन्न नहीं होता है तो इसका तात्पर्य यह है कि ऑनलाइन संव्यवहार पूरा नहीं हुआ है ।

<u>नोट :</u>

- ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में अपनी भुगतान सूचना प्रस्तुत करने के पश्चात कृपया सर्वर से सूचना हेतु इंतजार करें व दोहरे प्रभार से बचने हेतु कृपया बैक बटन या रिफ्रेश बटन न दबायें ।
- क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं हेतु : सभी प्रभार भारतीय रुपये में हैं । यदि आप गैर-भारतीय क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करते हैं तो आपका बैंक प्रचलित विनिमय दर के आधार पर स्थानीय मुद्रा में उसे परिवर्तित कर देगा ।
- अपने डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के क्रम में कृपया संव्यवहार पूरा होने पर अपना ब्राउसर विंडो बन्द कर दें ।

शुल्क / सूचना प्रभार के भुगतान सहित ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात उम्मीदवार को प्रणाली द्वारा उत्पन्न ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का प्रिंट आउट लेना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उसके द्वारा भरा गया विवरण सही है व भविष्य उपयोगार्थ उसे पंजीकरण संख्या व पासवर्ड सहित अनुरक्षित रखना चाहिए ।

<u>डिमांड ड्रॉफ्ट / चेक / मनी ऑर्डर / पोस्टल ऑर्डर आदि द्वारा शुल्क का भुगतान स्वीकार्य नहीं होगा एवं ऐसे आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा ।</u>

## 8. <u>आवेदन कैसे करें :</u>

उम्मीदवारों से अनुरोध किया जाता है कि विज्ञापन की विषयवस्तु को ध्यानपूर्वक पढ़ें व आवेदन करने से पूर्व अपनी पात्रता सुनिश्चित करें ।

पात्र उम्मीदवारों को बैंक के वेबसाइट www.canarabank.com के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की आवश्यकता है । आवेदन के पंजीकरण हेतु लिंक इस विज्ञापन के शीर्ष में इंगित तिथियों पर हमारे वेबसाइट में खुलेगा ।

## ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु दिशानिर्देश निम्न अनुसार है ;

- सभी आवेदकों के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी होने चाहिए । पंजीकृत ई-मेल आईडी को इस भर्ती परियोजना के पूरा होने तक चालू रखना चाहिये । उम्मीदवारों को सभी संसूचनाएं केवल इसी ई-मेल आईडी पर प्रेषित की जाएंगी ।
- उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com→ Careers→ Recruitment Know More देखें एवं "भर्ती परियोजना - 3/2015" लिंक पर क्लिक करके संबंधित पद हेतु आवेदन करें ।
- उम्मीदवार फोटो व हस्ताक्षर के स्कैनिंग व अपलोड हेतु अनुबन्ध 1 में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार अपना फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करें ।
- उम्मीदवार अपना ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपने नाम व पिता/ पति का नाम सही भरें जैसे प्रमाणपत्र / मार्कशीट में प्रदर्शित है । कोई भी परिवर्तन / संशोधन उम्मीदवारी को अयोग्य कर सकता है ।
- उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन के सभी फील्ड भरें ।
- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन को स्वयं भरें चूंकि ऑनलाइन आवेदन में भरे गये डाटा में कोई भी परिवर्तन अनुमत नहीं किया जाएगा । उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन सब्मिट करने से पूर्व ऑनलाइन आवेदन में विवरण के जाँच हेतु "**सेव एंड नेक्सट**" सुविधा का प्रयोग करें तथा यदि आवश्यक हो तो उसे संशोधित करें । **अंतिम सब्मिट** बटन दबाने के पश्चात किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी । ऑनलाइन आवेदन में गलत / त्रुटिपूर्ण सूचना का प्रस्तुतीकरण उसकी उम्मीदवारी को रद्द कर देगा ।
- ऑनलाइन पंजीकरण के पूरा होने के पश्चात पंजीकृत ऑनलाइन आवेदन का प्रणाली जनित प्रिंट आउट लें ।
- किसी भी तरह से अपूर्ण ऑनलाइन आवेदन यथा ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में उचित आकार का पासपोर्ट फोटो / हस्ताक्षर अपलोड किए बगैर या असफल शुल्क भुगतान को वैध नहीं माना जाएगा ।
- अपने रिकॉर्ड हेतु पंजीकरण संख्या व पासवर्ड सहित अंतिम ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के प्रिंट आउट की प्रति अनुरक्षित रखें ।

## सभी पदों हेतु लागू :

इस चरण पर आवेदकों को आवेदन प्रिंट / दस्तावेज प्रेषित करने के आवश्यकता नहीं है । यद्यपि, समूह चर्चा / साक्षात्कार हेतु चयनित किये गये तो समूह चर्चा / साक्षात्कार के समय पर उम्मीदवार को निम्नलिखित अन्य दस्तावेजों / प्रमाणपत्र सहित आवेदन पत्र का प्रिंट आउट प्रस्तुत करने की आवश्यकता है ।

- ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट
- समूह चर्चा व साक्षात्कार बुलावा पत्र का प्रिंट आउट
- आयु रियायत हेतु प्रमाणपत्र सहित जन्म तिथि का प्रमाण
- एसएससी / एसएसएलसी / दसवीं, 10+2 / पीयूसी / इंटरमीडियट, स्नातक, स्नातकोत्तर आदि का प्रमाणपत्र व मार्क शीट
- अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. उम्मीदवारों के मामले में जाति प्रमाणपत्र व पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के मामले में विकलांगता प्रमाणपत्र
- जहाँ लागू हो अनुभव प्रमाणपत्र
- उम्मीदवारी के समर्थन में कोई भी अन्य प्रासंगिक दस्तावेज

समूह चर्चा व साक्षात्कार के लिये बुलाये जाने पर उम्मीदवार को सत्यापन हेतु दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रति सहित उपरोक्त दस्तावेजों की मूल प्रति को लाना होगा । उपरोक्त दस्तावेजों के मूल व प्रति के प्रस्तुतिकरण के बिना उम्मीदवारों को समूह चर्चा व साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

## 9. चयन प्रक्रिया :

व्यक्तिगत पदों हेतु प्राप्त आवेदनों के आधार पर पद का चयन, छटनी / परीक्षा + समूह चर्चा + साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

यदि उम्मीदवारों की संख्या कम है तो चयन प्रक्रिया छटनी, समूह चर्चा व साक्षात्कार के आधार किया जाएगा। बैंक को रिक्तियों की संख्या के आधार पर , अपेक्षित संख्या में छटनी करने का अधिकार है और छटनी किये गए उम्मीदवारों को ही सिर्फ बैंक द्वारा चुने गए केंद्रों में समूह चर्चा और / या साक्षात्कार के लिये बुलाया जायेगा।

ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से चयन के मामले में परीक्षा हेतु स्वरूप निम्नवत् है :

| विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|
| विशेषज्ञता के क्षेत्र में व्यावसायिक ज्ञान | 50 | 100 | 2 घंटे |
| अंग्रेजी की परीक्षा | 50 | 50 | |
| बैंकिंग उद्योग में नवीनतम विकास | 50 | 50 | |
| कुल (कुल भारित अंक) | 150 | 200 | |

- वैकल्पिक परीक्षा में गलत उत्तर हेतु अंक काटे जाएंगे।
- बैंक हर एक विषय हेतु न्यूनतम कट-ऑफ अंक के साथ-साथ कुल भारित अंक [टीडब्ल्यूएस] निर्धारित करेगा
- रिक्तियों की संख्या के आधार पर बैंक द्वारा निश्चित कट-ऑफ अंक अनुसार परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों को ही समूह चर्चा व साक्षत्कार हेतु बुलाया जाएगा।
- संभावित परीक्षा केन्द्र बेंगलूर, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता व मुंबई है। तथापि, बैंक अपने विवेकानुसार केन्द्रों को जोड़ने / रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

समूह चर्चा व साक्षात्कार हेतु आबंटित कुल अंक 100 (प्रत्येक) है। उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के हर एक स्तर पर बैंक द्वारा निर्धारित अनुसार न्यूनतम अंक प्राप्त करने हैं एवं केवल उन्हीं उम्मीदवारों को ही अंतिम रैंक सूची में विचारार्थ लिया जाएगा।

उम्मीदवारों को समूह चर्चा, साक्षात्कार में निम्नानुसार अंक प्राप्त करने हैं एवं अंतिम रैंक सूची तैयार करने हेतु अंतिम अंक पर विचार किया जाएगा। तथापि, पद हेतु चयन उस पद हेतु संबंधित रैंक सूची में उनके स्थान के आधार पर किये जाएंगे।

| वर्ग | 100 में से अंक |
|---|---|
| अनारक्षित | 55 या अधिक |
| अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./पीडब्ल्यूडी | 50 या अधिक |

अंतिम रैंक सूची निम्न भार सहित छटनी / परीक्षा + समूह चर्चा + साक्षात्कार के आधार पर तैयार किया जाएगा;

| स्थिति | कुल भारित मानक अंक | समूह चर्चा | साक्षात्कार | कुल |
|---|---|---|---|---|
| परीक्षा सहित | 50% | 20% | 30% | 100% |
| परीक्षा रहित | - | 40% | 60% | 100% |

अंतिम चयन उपरोक्त अनुसार कुल अंकों के संगणन के आधार पर तैयार किए गए रैंक सूची के आधार पर की जाएगी।

ऑनलाइन परीक्षा, समूह चर्चा व साक्षात्कार पहचनकृत केन्द्रों पर आयोजित किये जाएंगे। केन्द्र व स्थान का पता, परीक्षा / समूह चर्चा व साक्षात्कार हेतु समय व तिथि को ईमेल के माध्यम से छटनी किये गये उम्मीदवारों को सूचित किया जाएगा तथा उम्मीदवारों को उक्त के लिए अपने खर्चे पर उपस्थित रहना होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि इस भर्ती परियोजना के संबंध में अन्य विवरण व अद्यतन जानकारी हेतु बैंक की वेबसाइट देखें।

सामान्य (सभी पदों हेतु लागू) :

ऑनलाइन आवेदन में उम्मीदवार द्वारा उपलब्ध कराए गये विवरण के आधार पर छटनी या परीक्षा / समूह चर्चा / साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा । यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर ऑनलाइन आवेदन में उपलब्ध कराए गए विवरण गलत पाए गए तो या उम्मीदवार साक्षात्कार के समय पर अपनी पात्रता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया पाया तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी एवं उम्मीदवार को समूह चर्चा व साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

परीक्षा / साक्षात्कार केन्द्र में परिवर्तन के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा । यद्यपि, बैंक को समूह चर्चा / साक्षात्कार के समय, तिथि व केन्द्र व स्थान में परिवर्तन / संवर्धन / रद्द करने या साक्षात्कार व समूह चर्चा में उम्मीदवार को बुलाने हेतु या आक्स्मिक परिस्थितियों के तहत अपने विवेकाधिकार पर विशिष्ट तिथि / सत्र / स्थान / केन्द्र / उम्मीदवारों के समूह में अनुपूरक चयन प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार प्राप्त होगा । साक्षात्कर की समय सारणी में किसी भी परिवर्तन को हमारी वेबसाइट / ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा ।

समूह चर्चा / साक्षात्कार में प्रवेश / पात्र होने या, समूह चर्चा / साक्षात्कार में मात्र पास हो जाने का यह मतलब नहीं है कि बैंक उम्मीदवार की योग्यता से काफी हद तक संतुष्ट है तथा चयन करने के लिये उम्मीदवार को किसी प्रकार का अधिकार प्रदान नहीं करेगा । बैंक, किसी भी उम्मीदवार को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में, अयोग्य पाए जाने पर / तथा / या अशुद्ध या गलत सूचना / प्रमाण पत्र / दस्तावेज प्रस्तुत करने पर या कोई अन्य तथ्यों को छुपाने पर, उम्मीदवारी को रद्द करने के लिये स्वतंत्र होगा । अयोग्य उम्मीदवार द्वारा प्रदत्त शुल्क को जब्त कर लिया जाएगा । अगर नियुक्ति होती है तो ऐसे उम्मीदवार को बैंक की सेवा से तत्काल निकाला जा सकता है ।

बैंक ऑनलाइन / लिखित परीक्षा सहित चयन प्रक्रिया में परिवर्तन / अनुपूरक चयन प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार रखता है । कोई परिवर्तन होने पर हमारे वेबसाइट / ई-मेल के माध्यम से उम्मीदवार को पूर्वसूचना दी जाएगी ।

## 10. पहचान सत्यापन :

समूह चर्चा व साक्षात्कार के लिए उपस्थित होते समय उम्मीदवार पहचान सत्यापन के लिए फोटो युक्त पहचान पत्र, जैसे पैन कार्ड / पासपोर्ट / ड्राइविंग लाइसेंस / मतदाता कार्ड / फोटो युक्त बैंक पास बुक / फोटो युक्त क्रेडिट कार्ड / आधार कार्ड, प्रस्तुत करें । उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध होने पर, उसे परीक्षा / समूह चर्चा / साक्षात्कार की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

## 11. परिवीक्षा व बॉंड :

| वेतनमान | परिवीक्षाधीन अवधि (सक्रिय सेवा) | बॉंड | |
|---|---|---|---|
| | | राशि | न्यूनतम सेवा अवधि |
| क.प्र.वे. - I | दो वर्ष | ₹1 लाख | 2 वर्ष |
| म.प्र.वे. - II | एक वर्ष | ₹1 लाख | 3 वर्ष |

## 12. बुलावा पत्र :

छटनी किए गए उम्मीदवार ( बिन्दु सं. 9 में उल्लिखितानुसार) को ही समूह चर्चा और / या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा तथा उनका विवरण व समूह चर्चा और / या साक्षात्कार के विवरण को बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com पर उपलब्ध कराया जाएगा। सभी संसूचनाएँ, अर्थात् समूह चर्चा / साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र का डाउनलोड आदि केवल उम्मीदवार द्वारा दिये गये पंजीकृत ई-मेल पर ही भेजी जाएगी। बाद में किसी दूसरे ई-मेल पते पर भेजने के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा । समूह चर्चा तथा साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

किसी तकनीकी या अन्य कारणवश उम्मीदवारों को ई-मेल के द्वारा भेजे गए बुलावा पत्र /किसी संसूचना के देरी से प्राप्त होने / प्राप्त नहीं होने पर इसकी जिम्मेदारी बैंक की नहीं होगी। अत: उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि चयन प्रक्रिया पूरी होने तक वे अपने आवेदन पत्र की स्थिति जानने के लिये भर्ती प्रक्रिया के दौरान समय-समय पर हमारे बैंक की वेबसाइट तथा पंजीकृत ई-मेल को देखते रहें।

## 13. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के खिलाफ कार्रवाई :

उम्मीदवार को आवेदन पंजीकृत करते समय और प्रमाणित प्रतियां / प्रमाणक प्रस्तुत करते समय ऐसा कोई विवरण नहीं देना चाहिए जो झूठा, रद्दोबदल किया हुआ, कृत्रिम या कोई तत्थात्मक जानकारी रहित हो।

समूह चर्चा / साक्षात्कार / चयन प्रक्रिया के दौरान यदि किसी उम्मीदवार के निम्नवत दोषी पाये जाने पर, जैसे; परीक्षा के दौरान अनुचित तरीके अपनाना; या स्वयं छद्मरूप धारण करना या किसी अन्य व्यक्ति से छद्मरूप का सहारा लेना; या समूह चर्चा / साक्षात्कार भवन में दुर्व्यवहार करना या भवन से कोई दस्तावेज बाहर ले जाना; या चयन के लिये अपना / अपनी उम्मीदवारी हेतु अन्य अनुचित या अनियमित तरीके अपनाना; या अन्य किसी प्रकार से उसकी उम्मीदवारी के लिये समर्थन प्राप्त करना आदि, ऐसे उम्मीदवारों खिलाफ आपराधिक कार्रवाई किए जाने के लिए उन्हें जिम्मेदार माना जाएगा।

(क) समूह चर्चा / साक्षात्कार / चयन प्रक्रिया से अयोग्य ठहराया जा सकता है, जिसके लिए वह उम्मीदवार है।

(ख) बैंक द्वारा आयोजित की जाने वाली किसी परीक्षा / चयन के लिए स्थाई रूप से या एक निश्चित अवधि के लिए वंचित किया जा सकता है।

## 14. सामान्य अनुदेश :

क. उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं होगा।

ख. परीक्षा / समूह चर्चा / साक्षात्कार के लिए प्रवेश / बुलावा पत्र उम्मीदवार की आयु / योग्यता / श्रेणी के सत्यापन के बगैर पूर्णत: अनंतिम है। परीक्षा / समूह चर्चा / साक्षात्कार के लिये महज बुलावा पत्र पा लेने का यह मतलब नहीं है कि बैंक उम्मीदवार की योग्यता से संतुष्ट है। अयोग्य उम्मीदवारों के आवेदन किसी भी चरण से नामंजूर करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है तथा अयोग्य आवेदकों द्वारा भुगतान की गई शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

ग. आवेदन को वापस लेने की अनुमति नही दी जाएगी तथा एक बार भुगतान किये जाने के उपरांत किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नहीं किया जाएगा और न ही शुल्क को भविष्य में होने वाली परीक्षा / चयन के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

घ. किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदनों को नामंजूर कर दिया जाएगा तथा भरे गए शुल्क को जब्त कर लिया जाएगा।

ङ. उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा और / या समूह चर्चा तथा साक्षात्कार के लिये अपने खर्च पर उपस्थित होना पड़ेगा।
हालांकि जेएमजीएस - I पदों के लिये समूह चर्चा और / या साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी स्थान के अ.जा. / अ.ज.जा. / पी.डब्ल्यू.डी श्रेणि के उम्मीदवारों को यात्रा का सबूत प्रस्तुत करने पर निकटतम मार्ग से आने-जाने का द्वितीय श्रेणी का ट्रेन किराया या वास्तविक खर्च, जो भी कम हो, का भुगतान किया जाएगा।
एमएमजीएस-II हेतु समूह चर्चा और / या साक्षात्कार के लिये बुलाये गये बाहरी स्थान के अ.जा. / अ.ज.जा./ पी.डब्ल्यू.डी श्रेणी के उम्मीदवारों को यात्रा का सबूत प्रस्तुत करने पर निकटतम मार्ग से आने-जाने का प्रथम श्रेणी का ट्रेन किराया या वास्तविक खर्च, जो भी कम हो, का भुगतान किया जाएगा।

केन्द्र सरकार / राज्य सरकार की सेवा , निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्थानीय सरकार, संस्थाओं व पंचायत आदि में सेवारत अ.जा. /अ.ज.जा. / पी.डब्ल्यू.डी श्रेणी के उम्मीदवारों को उक्त रियायत नहीं दिया जाएगा।

च. केन्द्र / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (बैंक सहित) में कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा, जिसकी अनुपस्थिति में उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

छ. केवल भारत में कहीं भी सेवा के इच्छुक उम्मीदवार ही विज्ञापित पदों के लिए आवेदन करें।

ज. उम्मीदवारों की पात्रता, वे चरण जिनके अतर्गत उम्मीदवार की पात्रता की जांच की जानी है, समूह चर्चा व साक्षात्कार के आयोजन के उद्देश्य से प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों तथा चयन और भर्ती से संबंधित किसी अन्य मामले सहित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्य होगा। इसके अलावा बैंक के पास अपने विवेकानुसार भर्ती प्रक्रिया को आंशिक / पूर्ण रूप से रद्द / रोकने का अधिकार सुरक्षित है, जो कि अंतिम माना जाएगा तथा उम्मीदवार पर बाध्य होगा।

झ. इस संबंध में बैंक द्वारा किसी तरह के पत्र-व्यवहार या व्यक्तिगत पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

ञ. बैंक अपने विवेक से, विनिर्दिष्ट पद या उम्मीदवारों, केन्द्र / स्थान के संबंध में जहाँ कहीं ज़रूरी हो, पुन: परीक्षा / पुन: समूह चर्चा / पुन: साक्षात्कार आयोजित कर सकता है।

ट. छटनी किए गए उम्मीदवारों को समूह चर्चा / साक्षात्कार के समय आयु, योग्यता, अनुभव, जाति आदि से संबंधित स्व: अनुप्रमाणित दस्तावजों को प्रस्तुत करने होंगे। इन दस्तावेजों के सत्यापन के लिए उनके मूल दस्तावेज उपलब्ध करवाए जाएं, यदि दस्तावेजों के सत्यापन के समय अगर कोई उम्मीदवार अयोग्य पाये जाने पर उसे समूह चर्चा / साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

ठ. अ.जा./ अ.ज.जा./अ.पि.व. / नि:शक्त व्यक्ति श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी से जारी प्रमाण पत्र की साक्ष्यांकित प्रति तैयार रखनी चाहिए। अ.पि.व. से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में प्रमाण पत्र में विशेष रूप से एक खंड होना चाहिए कि उम्मीदवार भारत सरकार के अधीन सिविल पदों और सेवाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में लाभ लेने से अलग किये गये संपन्न वर्गों से संबंधित नहीं है। अ.पि.व. के जाति प्रमाणपत्र एक साल से पुराना नहीं होना चाहिए। अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / नि:शक्त व्यक्ति प्रमाणपत्र निर्धारित प्रारूप में ही हो। सत्यापन के लिए मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें।

अ.जा./ अ.ज.जा./अ.पि.व./नि:शक्त व्यक्तियों को प्रमाण पत्र जारी करने हेतु सक्षम प्राधिकारी निम्नानुसार है :-

I) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति /अन्य पिछड़े वर्गों के लिये:

(i) जिलाधीश / अतिरिक्त जिलाधीश / कलेक्टर / उपायुक्त / अतिरिक्त उपायुक्त /उप कलेक्टर / प्रथम श्रेणी स्टाइपेंडरी मैजिस्ट्रेट /सिटी मैजिस्ट्रेट / उपमंडल मैजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी स्टाइपेंडरी मैजिस्ट्रेट से कम रैंक का नहीं ) / तालुक मैजिस्ट्रेट / कार्यकारी मैजिस्ट्रेट / अतिरिक्त सहायक आयुक्त

(ii) चीफ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त चीफ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट / प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट

(iii) राजस्व अधिकारी जो कि तहसीलदार के पद से नीचे का न हो

(iv) उम्मीदवार और / या उसका परिवार सामान्य रूप से जहाँ रहता है उस क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी ।

II) विकलांग / नि:शक्त व्यक्तियों हेतु : प्रमाणपत्र जारी करने हेतु प्राधिकृत प्रमाणीकरण प्राधिकरण चीफ मेडिकल ऑफिसर, जिले के उप-मंडल मेडिकल अधिकारी एवं आर्थोपेडिक / नेत्र / ईएनटी सर्जन को शामिल करते हुए जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड होगा ।

III) अ.जा, अ.ज.जा, अ.पि.व., नि:शक्त व्यक्ति प्रमाणपत्र के लिये निर्धारित प्रपत्र को बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com. से डाउनलोड किया जा सकता है । इन श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवार अनिवार्यतया इसी प्रपत्र में ही प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ।

ड. भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार को डिस्चार्ज सर्टिफिकेट तथा अंतिम के रैंक (वास्तविक के साथ कार्यकारी) का दस्तावेजी प्रमाण साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा ।

ढ. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, उम्मीदवार को बैंक द्वारा उसकी अपेक्षानुसार स्वास्थ्य की दृष्टि से योग्य घोषित किए जाने तथा अभिनिर्णायकों / पुलिस प्राधिकारियों से संतोषजनक रिपोर्ट की प्राप्ति के के अधीन होगी ।

ण. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति बैंक की सेवा शर्तों व नियमों के अधीन होगी ।

त. इस विज्ञापन के कारण उत्पन्न किसी भी विवाद का निपटारा पूर्णत: बेंगलूर स्थित न्यायालयों के क्षेत्राधिकार में होगा ।

थ. किसी भी तरह की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।

द. बैंक ऐसे किसी आवेदन-पत्र के नामंजूर होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा जो कि किसी अनधिकृत व्यक्ति / संस्थान द्वारा जारी किसी विज्ञापन में दी गयी गलत सूचनाओं पर आधारित हो ।

ध. अंग्रेजी के अलावा अन्य किसी भी संस्करण में व्याख्या को लेकर कोई विवाद उत्पन्न होने पर अंग्रेजी प्रारूप को वैध माना जाएगा ।

न. चयन प्रक्रिया के दौरान परीक्षा / समूह चर्चा / साक्षात्कार हॉल में किसी भी उम्मीदवार को कैलकुलेटर, मोबाइल फोन या अन्य कोई उपकरण के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जायेगी ।

उम्मीदवारों को उनके अपने हित में ही सूचित किया जाता है कि पदों के लिये उल्लिखित अंतिम तारीख से पहले अपना पंजीकरण करें और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें ताकि इंटरनेट पर अधिक भार / वेबसाइट जैम के कारण बैंक के वेबसाइट पर डिसकनेक्शन / लॉग ऑन करने से असमर्थ / चूकने की संभावना से बचा जा सके । बैंक ऐसी किसी भी बात की जिम्मेदारी नहीं लेता है कि उम्मीदवार अंतिम तारीख के अंदर आवेदन प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हो सका जो बैंक के नियंत्रण से बाहर है ।

दिनांक : 05.12.2015 महा प्रबंधक

स्थान : बेंगलूर

## अनुबन्ध - I

## फोटो (4.5 से.मी. X 3.5 से.मी.) व हस्ताक्षर की स्कैनिंग व अपलोडिंग हेतु दिशानिर्देश

ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार को नीचे दिये गये विनिर्देशों के अनुसार अपने फोटो व हस्ताक्षर को स्कैन करने की आवश्यकता है।

**फोटो इमेज :**

- पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए।
- यह सुनिश्चित करें कि रंगीन फोटो हल्के रंग यथा, खासकर सफेद पृष्ठभूमि में खींची गयी हो।
- तनाव रहित चेहरे के साथ कैमरे में सीधे देखें
- फोटो यदि धूप में ली जाती है तो सूरज आपके पीछे होना चाहिये या स्वयं को छाये में रखें ताकि आपकी आँखें बन्द न हो रही हो व छायापूर्ण फोटो न आएं।
- यदि आपने फ्लैश का उपयोग किया है तो सुनिश्चित करें कि “लाल-आँख” न हो।
- यदि आप चश्मा पहनते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि कोई प्रतिबिम्ब उत्पन्न न हो व आपकी आँखें स्पष्ट दिखाई दें।
- टोपी, हैट व काले चश्मे स्वीकार्य नहीं हैं। धार्मिक पगड़ी अनुमत है परंतु उससे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिये।
- लंबाई-चौडाई 200 x 230 पिक्सल (अधिमानित)
- फाइल का आकार 20 केबी-50केबी के बीच में होना चाहिये
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया हुआ फोटो 50 केबी से अधिक न हो। यदि फाइल का आकार 50 केबी से अधिक है तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग को यथा डीपीआई रिसॉल्यूशन, रंग की संख्या आदि समायोजित करें।

**हस्ताक्षर इमेज :**

- आवेदक को सफेद कागज़ पर काली स्याही से हस्ताक्षर करना है।
- हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा।
- हस्ताक्षर का उपयोग बुलावा पत्र पर डालने तथा जहाँ आवश्यक हो, इस्तेमाल किया जाएगा।
- परीक्षा के दौरान यदि आवेदक का हस्ताक्षर उत्तर पत्रिका व बुलावा पत्र में उपलब्ध हस्ताक्षर से मेल नहीं खाता है तो आवेदक को अयोग्य घोषित किया जाएगा।
- लंबाई-चौडाई 140 X 60 पिक्सेल (अधिमानित)
- फाइल का आकार 10केबी-20केबी के मध्य होना चाहिए।
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर का आकार 20 केबी से अधिक न हो।
- **बड़े अक्षरों (कैपिटल लेटर) में किया हुआ हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं है।**

**<u>फोटो व हस्ताक्षर की स्कैनिंग :</u>**

- स्कैनर रिसॉल्यूशन को न्यूनतम 200डीपीआई (डॉट्स प्रति इंच) पर सेट करें।
- कलर को ट्रू कलर पर सेट करें।
- फाइल का आकार - उक्तानुसार
- स्कैनर में इमेज को फोटो / हस्ताक्षर के कोने से क्रॉप करें, तत्पश्चात इमेज के अंतिम आकार तक क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयुक्त करें। (उपरोक्त वर्णितानुसार)
- इमेज फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में होना चाहिए। उदाहरण के लिए फाइल नाम : इमेज01.जेपीजी या इमेज01.जेपीईजी। इमेज के आकार की जाँच फोल्डर फाइल को सूचीबद्ध करने के द्वारा या फाइल इमेज आयकॉन पर माउस को रखकर किया जा सकता है।
- एमएस विंडोज / एमएस ऑफिस का उपयोग करनेवाले उम्मीदवार एमएस पेंट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग के द्वारा क्रमश: 50केबी व 20केबी से कम में फोटो व हस्ताक्षर को .जेपीईजी प्रारूप में आराम से प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी प्रारूप में स्कैन किया हुआ फोटो व हस्ताक्षर को .जेपीजी प्रारूप में फाइल मेनु में 'सेव ऐज़' विकल्प के द्वारा सेव किया जा सकता है तथा 'इमेज' मेनु में क्रॉप व तत्पश्चात रीसाइज़ विकल्प (पिक्सेल आकार हेतु कृपया उपरोक्त बिन्दु (i) व (ii) देखें) के द्वारा आकार को 50 केबी (फोटो) व 20 केबी (हस्ताक्षर) तक कम किया जा सकता है। समान विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध हैं।
- यदि फाइल का आकार व प्रारूप निर्धारित अनुसार नहीं है तो एक त्रुटी संदेश प्रदर्शित होगा।
- ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरते समय उम्मीदवार को अपना फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करने हेतु एक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा।

**<u>फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करने की प्रक्रिया :</u>**

- फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करने हेतु दो अलग-अलग लिंक होंगे।
- संबंधित लिंक "अपलोड फोटो / हस्ताक्षर" पर क्लिक करें।
- जहाँ स्कैन किया हुआ फोटो / हस्ताक्षर सेव करके रखा हैं, उस स्थान को ब्राउस करके चयन करें।
- फाइल पर क्लिक करके उसका चयन करें।
- 'ओपन/अपलोड' बटन पर क्लिक करें।

**जब तक आप विनिर्दिष्ट अनुसार अपना फोटो व हस्ताक्षर अपलोड नहीं करते तब तक आपका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।**

**<u>नोट :</u>**

(1) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर अस्पष्ट है तो उम्मीदवार का आवेदन स्वीकृत नहीं हो सकता है। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में अपना फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करने के पश्चात उम्मीदवार को इसकी जाँच करनी चाहिए कि इमेज स्पष्ट है व सही प्रकार से अपलोड हुए हैं। यदि फोटो व हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं दिखाई दे रहे हैं तो उम्मीदवार अपना आवेदन संशोधित कर सकता है एवं प्रपत्र प्रस्तुत करने से पूर्व अपना फोटो / हस्ताक्षर पुन:अपलोड कर सकता है।

(2) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन पंजीकरण के पश्चात अपने प्रणाली उत्पन्न ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का एक प्रिंट-आउट लेकर रखें।